AMAR UJALA

Page No. 05 Date. 07th Jul 2019

न्यूज डायरी

# केडब्ल्यू-6 में आज लगेगा कैंप

गाजियाबाद। राजनगर एक्सटेंशन स्थित केडब्ल्यू-6 सोसायटी में रविवार को हेल्थ कैंप का आयोजन किया जा रहा है। अमर उजाला और आईटीएस डेंटल कॉलेज द्वारा आयोजित इस हेल्थ कैंप में दांतों सहित आंखों की जांच की जाएगी। इसके अलावा मरीजों को फिजीयोथेरपी के टिप्स भी दिए जाएंगे। यह कैंप सुबह 9:30 बजे से लेकर दोपहर 2:00 बजे तक चलेगा।

AMAR UJALA

Page No. 05 (Gzb.) Date. 08th Jul 2019

# 208 लोगों ने कराई दांतों और आंखों की जांच, ली सलाह





अमर उजाला और आईटीएस कॉलेज की ओर लगाए गए डेंटल कैंप में जांच करते डॉक्टर।

**गाजियाबाद।** आईटीएस डेंटल कॉलेज द्वारा अमर उजाला के अभियान अपराजिता 100 मिलियन स्माइल्स के तहत रविवार को राजनगर एक्सटेंशन स्थित केडब्ल्यू दिल्ली-6 में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस कैंप में मरीजों के दांतों की जांच के अलावा आंखों की जांच की गई। इसके अलावा फिजियोथेरेपी के भी टिप्स दिए गए।


राजनगर एक्सटेंशन स्थित केडब्ल्यूए दिल्ली-6 में लगे हेल्थ कैंप में कुल 208 मरीजों की जांच हुई, जिसमें 118 मरीजों ने दांतों की जांच की गई। इसके अलावा 42 मरीजों के आंखों की जांच हुई। दांतों के मरीजों में से 40 मरीजों के दांतों की सफाई हुई और छह मरीजों के दांत निकाले गए। डॉ. अनुभव शर्मा के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम ने मरीजों का चेकअप किया। कैंप में चेकअप के बाद 48 फिजियोथेरेपी के टिप्स दिए गए। इसके अलावा 16 बच्चों के दांतों में प्रिवेंटिव फ्लूराइड एप्लिकेशन भी किया गया।

## टीम में यह रहे शामिल


डॉ. अनुभव शर्मा, ओरल सर्जन डॉ. शिवम अग्रवाल, रिया सिंघल, अपूर्व सिंह, जेना, रिद्धिमा वर्मा, रिफत खानम और प्रिंस वेदी मौजूद रहे।




सोसायटी में ही कैंप लगने से काफी फायदा हो गया। जब तक अधिक समस्या नहीं होती, तब तक हम डॉक्टर के पास नहीं जाते। पास में कैंप लग गया तो चेकअप करा लिया, जिसमें कैविटी निकली। - **हिमानी त्यागी**



आंखों में ड्राइनेस की समस्या थी यह चेकअप कराने पर पता चला। डॉक्टर ने बताया कि ज्यादा स्क्रीन के पास रहने जैसे मोबाइल, कंप्यूटर आदि के इस्तेमाल से यह समस्या आती है। - **गीता**



कैंप में दांतों की सफाई कराई। इसके अलावा चेकअप भी हुआ कि दांतों के गम्स कितने मजबूत हैं। - **अदिति**



ज्यादा कंप्यूटर पर काम करने की वजह से गर्दन में दर्द होता था। फिजियोथेरेपी के टिप्स लिए। अब घर पर भी एक्सरसाइज कर सकती हूं। - **प्रियंका शर्मा**